संख्या- 14017/20/2008-स्था.(आर.आर.)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

दिनांक 17 मई, 2010

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषय:- अवर श्रेणी लिपिकों और आशुलिपिकों के पद पर भर्ती के लिए दक्षता परीक्षण ।

अवर श्रेणी लिपिकों और आशुलिपिकों के पदों पर भर्ती के लिए मैनुअल टकको (टाइपराइटरों) तथा कम्प्यूटर दक्षता परीक्षण संबंधी मानदंड निर्धारित करने वाले इस विभाग के दिनांक 08 जुलाई, 2008 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है । इस विषय की कर्मचारी चयन आयोग से समीक्षा की गई और यह निर्णय किया गया है कि वित्तीय वर्ष, 2010-11 से लेकर आगे अवर श्रेणी लिपिकों और आशुलिपिकों के पद पर भर्ती के लिए दक्षता परीक्षण केवल कम्प्यूटर पर ही आयोजित किए जा सकें । इनके लिए मानदंड नीचे निर्धारित किए जाते हैं :-

पद	कम्प्यूटर पर दक्षता परीक्षण के मानदंड
अवर श्रेणी लिपिक	अंग्रेजी टंकण – 35 शब्द प्रति मिनट की गति सेहिन्दी टंकण – 30 शब्द प्रति मिनट की गति से(अनुमत्य समय - 10 मिनट)(35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट 10600 के.डी.एच./9000 के.डी.एच. के समकक्ष है जो कि औसतन प्रति शब्द 5 की डिप्रेशनस के समान है ।)
आशुलिपिक श्रेणी 'घ'	श्रुतलेखन – 10 मिनट 80 शब्द प्रति मिनट की गति से रूपान्तरण – 50 मिनट (अंग्रेजी) - 65 मिनट (हिन्दी)
आशुलिपिक श्रेणी 'ग'	श्रुतलेखन – 10 मिनट 100 शब्द प्रति मिनट की गति से रूपान्तरण – 40 मिनट (अंग्रेजी) - 55 मिनट (हिन्दी)

2. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि कृपया अवर श्रेणी लिपिक तथा आशुलिपिकों के पदों के लिए भर्ती नियमों में तद्नुसार संशोधन करें । इन पदों के आदर्श भर्ती नियमों में औपचारिक संशोधन अलग से अधिसूचित किए जाएंगे ।

3. गृह मंत्रालय आदि से अनुरोध है कि वे इस कार्यालय ज्ञापन की विषय वस्तु अपने संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों के नोटिस में भी लाएं ।

ज.अ. वैद्यनाथन

(ज.अ. बैद्यनाथन)

उप सचिव, भारत सरकार

दूरभाष : 23092112

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
2. राष्ट्रपति सचिवालय, नई दिल्ली
3. उप राष्ट्रपति सचिवालय, नई दिल्ली
4. प्रधानमंत्री कार्यालय, नई दिल्ली ।
5. मंत्रिमण्डल सचिवालय, नई दिल्ली
6. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, नई दिल्ली
7. सघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली
8. कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी प्रेषित :-

1. राज्य सभा सचिवालय, नई दिल्ली
2. लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली
3. कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के सभी सम्बद्ध कार्यालय
4. स्थापना अधिकारी तथा सचिव, ए.सी.सी. (10 प्रतियां)
5. कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के सभी अधिकारी तथा अनुभाग
6. सचिव, कर्मचारी पक्ष, राष्ट्रीय परिषद (जे.सी.एम.) 13-सी, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली
7. विभागीय परिषद (जे.सी.एम.) के सभी कर्मचारी सदस्य
8. विभागीय परिषद (जे.सी.एम.) कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के कर्मचारी पक्ष के सभी सदस्य
9. स्थापना (आर.आर. प्रभाग) (20 प्रतियां)

ज.अ. वैद्यनाथन

(ज.अ. बैद्यनाथन)

उप सचिव, भारत सरकार

दूरभाष : 23092112